संक्षिप्त

चिकित्सकों का अभिनंदन

चूरू। विष्व डॉक्टर्स दिवस पर मानव सेवा के लिए सन्नद्ध लायंस क्लब चूरू समर्पण ने मंगलवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों का अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन बैरवा, वरिष्ठ फीजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुमित शर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. अक्षय शर्मा व डॉ. कमल वशिष्ठ का माल्र्यापण कर, षॉल ओढ़ाकर व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। क्लब अध्यक्ष ओपी बैरवा ने कहा कि आमजन की सेवा में चिकित्सक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान समाज का महत्ती उत्तरदायित्व है। प्रांतीय सचिव लीडरशिप डॉ. कमल वशिष्ठ ने कहा कि लायंस क्लब विष्व भर में सेवा का पर्याय है। लायंस क्लब प्रवक्ता राजेन्द्र मुसाफिर ने बताया कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल द्वारा पूरे विष्व में एक जुलाई को डॉक्टर्स व सीए दिवस मनाया जाता है। लायंस क्लब के सचिव पुनीत क्याल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायन मंगतूराम सैनी, गणेश शर्मा, पीयूष शर्मा आदि उपस्थित थे।

मनाया डॉक्टर व सीए दिवस

सीकर। जुलाई जो की पूरे विश्व भर में डॉक्टर व सीए दिवस के रूप में मनाया जाता है, लियो लायंस क्लब सीकर लेजेंड्स ने भी इसे अनोखे अंदाज में मनाया। क्लब सदस्य नवनिर्वाचित क्लब कार्यकारिणी के साथ आज सुबह ही, शहर के नामी चिकित्सक और सीए के घरों और दफ्तरों में जाकर, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष लियो लायन शिवम् अग्रवाल ने बताया की क्लब द्वारा एस के हॉस्पिटल के पी एम ओ डॉक्टर के के अग्रवाल ,डॉ संदीप सरावगी ,लायन डॉ यूसुफ़ अली देवडा सी.ए नीरज शर्मा शर्मा,सी.ए. लायन राजीव लोचन शर्मा आदि को मोमेंटो से समानित कर समाज को उनके कार्यों के लिए धन्यवाद किया।इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष लियो लायन शिवम् अग्रवाल लियो लायन लोकेश हज़ारिका सचिव लियो लायन सीए नीरज शर्मा कोषाध्यक्ष लियो लायन आयुष श्रीवास्तव आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।

जीबी मोदी में मनाया डॉक्टर्स डे एवं सीए डे

झुंझुनूं, । राजपुताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित श्री जीबी मोदी पब्लिक स्कूल में चिकित्सक दिवस और चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया गया। चिकित्सक दिवस के उपलक्ष में हिनल रावल ने बताया कि भविष्य का डॉक्टर कोई दवा नहीं दे बल्कि अपने को योग के माध्यम से ही स्वस्थ बनाए रखें। हमारे शरीर की देखभाल आहार, हरी सब्जियां, फल, नींद से शरीर को स्वस्थ रखें। चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर सीए खुशी जालान, सीए हर्ष जालान व सीए राहुल गाडिया ने वाणिज्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को वाणिज्य विभाग में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह में 306 प्रतिभाओं का आवेदन

■ ऐतिहासिक और भव्य होगा कार्यक्रम, तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता, समाज में भी उत्साह

झुंझुनूं, । विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में एवं जिले के समस्त ब्राह्मण समाज संगठनों के संयोजन में आगामी छह जुलाई को आयोजित होने वाले ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह 2024-25 को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन मंगलवार को गाडिया टाऊन हाल में किया गया। जिसमें बोलते हुए विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि आगामी छह जुलाई को स्थानीय मोदी रोड स्थित गाडिया टाऊन हाल में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए 30 जून तक 306 प्रतिभाओं का आवेदन हो चुका है।

आवेदन करने वाले छात्र छात्राओं ने 286 आवेदन ऑनलाइन ऐप के माध्यम से किए हैं। जबकि 20 आवेदन प्रतिभाओं ने स्वयं उपस्थित होकर किए गए हैं। जिलाध्यक्ष शर्मा ने बताया कि 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा सीबीएसई या राजस्थान बोर्ड में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण समाज के विद्यार्थियों को विप्र फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

विप्र फाउंडेशन जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, राजस्थान जोन 1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल, महावीर शर्मा सोती विप्र फाउंडेशन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एव अरुणाचल परशुराम कुंड मूर्ति निर्माण के संयोजक, प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश शर्मा के अलावा पूर्व राजनाईक दिल्ली राजीव शर्मा, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा, पंजाब तारण तरण एसपी दीपक पारीक, सीनियर आरएएस जगदीश प्रसाद गौड सहित बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा करेंगे। महमिया ने बताया कि समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मैडल, विप्र फाउंडेशन की टीशर्ट, कैप, बैज एव दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया जाएगा।

जिसकी सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है। इनके अलावा प्रेस वार्ता को विप्र फाउंडेशन जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, गौड़ ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष अरविंद पारीक, खांडल विप्र संगठन के जिलाध्यक्ष विकास शर्मा लोटिया, संयोजक उमाशंकर महमिया, दाधीच समाज समिति के जिलाध्यक्ष गौरव दाधीच, पारीक समाज सेवा समिति के जिलाध्यक्ष संजय पारीक, पुजारी महासंघ जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, सप्तर्षि महा मंडल अध्यक्ष हरिकिशन शुक्ला, विप्र फाउंडेशन महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आशा शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा, गौड ब्राह्मण महासभा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमिला शर्मा, विप्र फाउंडेशन संरक्षक राजेंद्र जोशी, एडवोकेट सुशील जोशी, बीएमएस के रामगोपाल शर्मा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला कोषाध्यक्ष राकेश सहल, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, नगर अध्यक्ष हरिसुदन पांडे, किशोर थलिया मंडावा, लीलाधर पुरोहित, पवन पांडे, अशोक जोशी, एडवोकेट मनोज शर्मा, एडवोकेट कमल शर्मा, चंद्रप्रकाश शुक्ला, विकास पुरोहित, अवध नंदन पांडे, आलोक ढंढ, रमेश चौमाल, संजय शुक्ला, सुरेश तिवाड़ी, रतन चारणवासिया, सुभाष पारीक, विकास दाधीच, एडवोकेट सुनील पारीक, चंद्रप्रकाश जोशी, राकेश दाधीच सहित विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं अनेक विप्र संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

101 फलदार व फूलदार पौधे वितरित किए

झुंझुनूं,। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनूं की ओर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ट्रस्ट की महिला प्रकोष्ठ की उप प्रभारी ग्यारसीदेवी एवं पर्यावरण मित्र राजेश कुमार गनोलिया ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर 101फूलदार व फलदार पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के झुंझुनूं प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि आज का दिन उनके परिवार के लिए विशेष है। क्योंकि यह उनकी धर्मपत्नी व छोटे भाई का जन्मदिवस है। इसी उपलक्ष्य में पर्यावरण को समर्पित यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्री लक्ष्मीनाथ पाठशाला परिसर में 11 फलदार पौधे रोपित किए गए तथा शेष 101 पौधे आमजन को वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ ट्रस्ट कार्यकर्ताओं का भी उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला। पौधारोपण अभियान में सरोज घोटड़, सुनिता, वीना राणी, प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया सहित नन्हें बालक-बालिकाओं आराध्या, लक्ष्य, विंशिका, स्नेहा आदि ने भाग लिया। ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के अभियान समाज में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के साथ ही सकारात्मक संदेश भी दे रहे हैं।

सार-समाचार

संवेदक यूनियन का धरना छठे दिन जारी

झुंझुनूं । पीडब्लूडी झुंझुनूं के संवेदक यूनियन का छठवें दिन धरना व प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग नहीं माने जाने पर पांच जुलाई से कार्य बंद करने का ऐलान किया गया। साथ ही कहा गया कि भ्रष्टाचार फैला रहे क्वालिटी कंट्रोल के इंजीनियरों और तकनीशियनों को हटाया जाए। संवेदकों ने कहा कि मांग नहीं माने जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में मोहरसिंह सोलाना, मोहनसिंह डोटासरा, सत्यनारायण खेड़ला, राजेश मंडीवाल, लालचंद यादव, अनिल झाझड़िया, दलबीरसिंह, उम्मेद सिंह चाहर, कुलदीप कटेवा, शीशराम, सुरेशचंद्र, वीरेंद्र सिंह नैण, महेंद्रसिंह झाझड़िया, दीपक शिवरायन, विजेंद्र लमोरिया, महमूद, इस्पाक खान, राजेंद्र मंडीवाल, महिपाल पटेल, शैलेंद्र मान, महेंद्रसिंह चाहर, छाजूराम, जितेंद्रसिंह, महिपालसिंह पटेल, संजीव झाझड़िया, संजू उदावास, मुकेश पातुसरी, विकास डूडी, संदीप कटेवा, रोहित कटेवा, वीरसिंह डांगी, मनजीत ठेकेदार, धर्मेंद्र खेदड़, मनोज झाझड़िया, धर्मचंद खीचड़, विजय कुलहरि, आशीष सीगड़, दलीप पूनियां, दलीप शेखावत, मनोज खेदड़, राधेश्याम, मनोज यादव, अयूब, मोहन, जुगल बिड़ौदी, रफीक, सुभाष जनेवा, अजय कृष्णियां व रवि गुप्ता आदि शामिल हुए।

श्री विश्वकर्मा जांगिड़ संस्थान में लिये विकास कार्यों को लेकर निर्णय

खिरोड़। श्री विश्वकर्मा जांगिड़ संस्थान नवलगढ़ बेरी भजनगढ़ की बैठक विश्वेश्वरदयाल जांगिड की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। बैठक के दौरान संस्थान के आय व्यय का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। संस्थान में अधूरे पड़े निर्माण कार्य को फिर से चालू करवाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जहां कार्यकारिणी का विस्तार किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वहीं समाज के लोगों को संस्थान से जोड़ने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि संस्थान के निर्माण को लेकर जिस भामाशाह द्वारा पांच लाख एवं इससे ऊपर राशि प्रदान की जाएगी। उस भामाशाह का संस्थान द्वारा विशेष सम्मान किया जाएगा। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा संस्थान परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन करके विभिन्न तरह के पौधे लगाए जाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में डॉ. दयाशंकर जांगिड़, पूर्व विकास अधिकारी बद्रीप्रसाद जांगिड़, जिला परिषद सदस्य बजरंगलाल जांगिड़, कालूराम जांगिड़, महावीरप्रसाद निर्वाणों की ढाणी, महावीरप्रसाद जाखल, सुभाषचंद्र डूंडलोद, जनार्दन चेजारा, रामदेव जांगिड चिराना सहित कई लोग मौजूद रहे।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनपुरा में टीन शेड का उद्घाटन

झुंझुनूं, । पिलानी विधानसभा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनपुरा में सूर्यकांता झाझड़िया के सेवानिवृत्ति के अवसर पर हुए कार्यक्रम में विधायक पिलानी पितरामसिंह काला ने सूर्यकांता झाझड़िया द्वारा विद्यालय के लिए निर्मित टीन शैड का लोकार्पण किया। विधायक पितराम काला ने अपने उदबोधन में कहा कि सूर्यकांता ने अपने कार्यकाल में अपना काम बहुत ही कर्तव्यपरायणता और ईमानदारी के साथ किया। व्यक्ति को अपने जीवन में ऐसा ही आचरण करना चाहिए। विद्यालय में टीन शैड बनवाकर सभी के लिए प्रेरणा का काम किया है। इस अवसर पर अनिल जांगिड़, ओमप्रकाश पिलानिया, सुमेर पूनियां, सुरेंद्र सिहाग, प्रेम रूलानिया, जगदीश पूनियां, जयपाल पूनियां, नरेंद्र पिलानियां, विद्यालय का समस्त स्टाफ, गांव के गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थे।

बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि को लेकर सौंपा ज्ञापन

झुंझुनूं, । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से मोहर्रम के मौके पर बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था करवाई जाने की मांग को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने एडीएम अजयकुमार आर्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख करते हुए मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि झुंझुनूं शहर में सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मुस्लिम समुदाय की विभिन्न बिरादरियों द्वारा शहर में कुल 11 ताजिए निकाले जाते है। ऐसे में मोहर्रम के मौके पर पांच और छह जुलाई को बिजली, पानी, साफ-सफाई व रोशनी की समुचित व्यवस्था करवाए जाने व साथ ही जिन मार्गों से ताजिए निकाले जाते है। उन मार्गों पर बड़ी तादाद में बिजली व टेलीफोन व केबल सर्विस लाइन के नीचे लटकते हुए तारों को ऊपर किया जाए तथा रास्तों के बीचों बीच ताजिया वाले मार्गों से बंधे हुए तिरपालों को खुलवाया जाए। ताजिया वाले मार्गों में जगह जगह टूटी सड़कों को ठीक करवाया जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में मोर्चे के जिला महामंत्री रुस्तम अली कांट, लुकमान खान, हाजी मोहम्मद अय्यूब, इकबाल खान, मोहम्मद सलीम खोखर, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, जावेद खान लुहारू, जाकिर अली सैय्यद, शाहिद फारूकी सहित अनेक मोर्चा कार्यकार्य उपस्थित थे।

तीन दिन बीत जाने के बाद भी ना रिपोर्ट दर्ज हुई, ना ही कार्रवाई

■ निजी स्कूल चलाने वाले संचालक सुनिल शर्मा पर उसके ही पड़ोसी अमरचंद शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा द्वारा तलवार का वार कर जान से मारने की कोशिश की गई है

खिरोड़, । गोठड़ा थाना अंतर्गत गांव रामपुरा में तलवार से वार कर जान से करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामपुरा गांव में एक निजी स्कूल चलाने वाले संचालक सुनिल शर्मा पर उसके ही पड़ोसी अमरचंद शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा द्वारा तलवार का वार कर जान से मारने की कोशिश की गई है।

मगर स्कूल संचालक सुनील शर्मा बाइक पर बैठकर घटनास्थल से तुरंत निकल जाने की वजह से बाल बाल बच गए। सुनील शर्मा ने इसकी रिपोर्ट गोठड़ा पुलिस थाने में दर्ज करवाई है। मगर चार दिन बीत जाने के बाद भी गोठड़ा थाना पुलिस ने अभी तक मामले को संज्ञान में नहीं लेते हुए जहां रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। वहीं मामले की जांच पड़ताल भी नहीं की है। सुनील शर्मा ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि वे 28 जून को को रामपुरा गांव में किसी दुकान पर गया हुआ था और वहां से करीब आधा घंटा बाद बाइक पर घर जा रहा था। अचानक पीछे से अमरचंद शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा आया और तलवार को लहराते हुए सुपिल शर्मा पर तलवार से वार किया। मगर बाइक के रवाना हो जाने से वह बाल बाल बच गया और बड़ा हादसा होने से बच गया।

संस्कृत भारती के पांच दिवसीय आवासीय संस्कृत बोध शिविर का समापन

झुंझुनूं,। संस्कृत भारती जयपुर प्रांत के तत्वावधान में भडौंदा के वृदांवन धाम में पांच दिन तक चले 'भाषा बोधन वर्ग' आवासीय शिविर के समापन समारोह में वक्ताओं ने संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के महत्व को बताते हुए शिक्षार्थियों से अनुभव साझा किया। समारोह के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा संस्कृत भाषा सब भाषाओं में सर्वोपरी हैं। विश्व में बोली जाने वाली सब भाषाओं में संस्कृत शब्दों का उपयोग किया गया है। सही मायने में विश्व की सब भाषाएं भारतीय सनातन की संस्कृति के ठांथ संस्कृत भाषा के ऋणी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने कहा कि सत्यमेव जयते संस्कृत भाषा की ही देन है। जितने भी आदर्श वाक्य हैं, वे संस्कृत भाषा में ही रचे गए हैं। समापन सत्र के मुख्य वक्ता व संस्कृत भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमल कुमार ने कहा कि जब हमारे देश से संस्कृत एवं सनातन संस्कृति का लोप होने लगा, वैसे ही संस्कारों का भी ह्रास होने लगा है। एक मात्र संस्कृत भाषा ही ऐसी है। जिसके वाक्य को कैसे भी लिखा जाए अर्थात शब्द संयोजन चाहे कैसा भी हो, लेकिन उसके अर्थ में परिवर्तन नहीं आता है यानी अशुद्ध नहीं मानी जाती। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पीआरओ हिमांशु सिंह, समाजसेवी विजय गोपाल मोटसरा एवं युवा समाजसेवी नरेंद्र सिंह खेदड़ रहे। बकौल हिमांशु सिंह संस्कृत में रचे साहित्य में सकारात्मकता समाहित है।

कलेक्टर से मिले समसपुर के ग्रामीण

झुंझुनूं, । नगर परिषद में शामिल करने के विरोध में लगातार समसपुर गांव के लोग लामबद्ध है। इसी क्रम में मंगलवार को एक बार फिर ठाामीणों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर प्रतापपुरा पंचायत में ही रखने की मांग की। इस मौके पर ठाामीणों ने खुद के द्वारा लिखित ज्ञापन के अलावा विधायक राजेंद्र भांबू, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी आदि की अनुशंषा भी दी। जिसके बाद कलेक्टर ने मामले में सकारात्मकता के साथ अध्ययन करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चरणसिंह श्योराण, विक्रम सिलाईच, नरेंद्र फोगाट व दयाराम डूडी आदि मौजूद थे।

आत्मविश्वास के साथ उच्च शिक्षा को मजबूत आधार प्रदान करता है प्री-फाउंडेशन

■ एसीआई में प्री-फाउंडेशन पर कार्यशाला का आयोजन

झुंझुनूं, । स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई कोचिंग संस्थान में प्री-फाउंडेशन विषय पर विषय विशेषज्ञों के सानिध्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्री-फाउंडेशन कक्षाओं की महत्ता एवं भविष्य में इसकी उपयोगिताओं के विषय में विस्तार से विचार मंथन किया गया। मां शारदे की स्तुति से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला के प्रथम सौपान में प्री-फाउंडेशन के सफल विद्यार्थियों ने अपने अनुभव अपने अनुजों के साथ साझा किए। सातवीं राज्य स्तरीय मेरिट प्राप्त करने वाली प्री-फाउंडेशन छात्रा मुस्कान ने कहा कि वर्तमान बोर्ड परीक्षा प्रणाली में सफलता हासिल करने का सरल सुगम एवं सुफल देने वाला मार्ग है प्री-फाउंडेशन जिसने मुझे अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं छात्रा खुशी सैनी ने बताया कि विषय कि मर्म को समझने एवं विषय कि गहराई को जानने एवं आत्मविश्वास बढाने का माध्यम है।

प्री-फाउंडेशन, जिसमें मुझे बोर्ड परीक्षा में सफलता दिलाई में अपने सभी अनुजों से कहना चाहती हूं कि नियमित अध्ययन एवं लक्ष्य निर्धारित कर प्री-फाउंडेशन कक्षाएं ली जाए तो सफलता सुनिश्चित होती है। प्री-फाउंडेशन हैड दिव्या रोहिला ने कहा कि एसीआई प्री-फाउंडेशन के माध्यम से कक्षा सात से 10 तक के विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई, नीट, ओलंपियाड, एसटीएसई एंड एनटीएसई के साथ साथ भविष्य कि उच्च शिक्षा को मजबूत आधार प्रदान करता है।

संस्था निदेशक विकास शर्मा एवं मनोज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्री-फाउंडेशन कक्षाएं भारत के सुंदर भविष्य का ऐसा विद्यार्थी तैयार करना है। जो आत्मविश्वास, सीखने की प्रेरणा, मेहनत, समर्पण एवं विषय कि मार्मिकता समझता हो। हमारा उद्देश्य विद्यार्थी में भावनात्मक लगाव के साथ उच्च कोटि के इंजीनियर, डॉक्टर, प्रशासक, प्रबंधक एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करना है।

जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

झुंझुनूं, । राजस्थान जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता महिला वर्ग दो जुलाई से चार जुलाई तक झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर होगी। रवि इंडियन स्कूल तथा झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के खेल मैदान में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में 1 जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2011 तक की जन्मतिथि वाली खिलाड़ी ही भाग ले सकेगी। बुधवार को उद्घाटन मैच की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि होंगी। अध्यक्षता पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार करेंगे। विशिष्ट अतिथि दिलीप सिंह शेखावत सचिव राजस्थान फुटबॉल संघ होंगे। यह जानकारी संघ सचिव महेंद्रसिंह बिजारणियां ने दी।

शिक्षाविद संतोष कौशिक अध्यक्ष नियुक्त

झुंझुनूं, । जिले में लगातार गौड ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्षों की नियुक्तियां की जा रही है। इसी क्रम में सिंघाना स्थित बालाजी मंदिर में बुहाना और सिंघाना तहसील के विप्रजनों की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी विप्रजनों ने बुहाना तहसील के अध्यक्ष पद के लिए शिक्षाविद संतोष कुमार कौशिक और सिंघाना तहसील के लिए भूतपूर्व सैनिक गुरुदयाल सुरोलिया का नाम प्रस्तावित किए जाने पर जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा देरवाला एवं महामंत्री शिवचरण पुरोहित ने दोनों को तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पुजारी, मंत्री सुरेंद्र शर्मा प्रिंसिपल, सुरेंद्र शर्मा भीमसर और रामावतार शर्मा ने नव नियुक्त अध्यक्षों का साफा एवं दुपट्टा पहना कर तथा मीठा मुंह करवा कर स्वागत किया। इस अवसर पर महामंत्री शिवचरण पुरोहित ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक विकास के लिए एकजुटता आवश्यक है तथा हमारा मुख्य उद्देश्य छोटे से छोटे गांव के विप्रजन को संगठन के साथ जोड़ कर विप्र समाज को संगठित करना है। शिक्षाविद नंदकिशोर शर्मा, बुहाना सिंघाना विप्र सेवा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट नरेश भारद्वाज, नवनियुक्त तहसील अध्यक्षों शिक्षाविद संतोष कुमार कौशिक और गुरुदयाल सुरोलिया ने भी संगठन को ठाामीण स्तर तक मजबूत करने में अपना पूरा योगदान देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने किया तथा पवन शर्मा कर्मचारी नेता शिक्षा विभाग द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मप्रकाश शास्त्री मेहराना, चंद्रप्रकाश शर्मा सिंघाना प्राचार्य, रविदत्त वशिष्ठ बुहाना, अमित कुमार कौशिक बुहाना, कपिल शर्मा सिंघाना, भास्कर शर्मा पचेरी, रामोतार शर्मा ढाणी लक्ष्मण, गोविंद शर्मा सागा, नंदकिशोर शर्मा धूलवा, पवन शर्मा डूमोली खुर्द, एडवोकेट नरेश भारद्वाज बुहाना सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे

झुंझुनूं में इंस्टीट्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंट्स की ब्रांच खुलेगी

झुंझुनूं। सीए डे के मौके पर इंस्टीट्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया ने झुंझुनूं को नई सौगात दी है। सीए डे से पूर्व सोमवार को परिषद की 443वीं बैठक में राजस्थान के झुंझुनूं, नागौर और चूरू जिले में इंस्टीट्यूट की नई ब्रांच खोले जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके बाद ना केवल सीए की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को बल्कि चार्टेड अकाउंटेंट के तौर पर प्रेक्टिस करने वाले सीए को काफी फायदा मिलने वाला है। हालांकि ब्रांच खोले जाने का अधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जुलाई या फिर अगस्त तक जारी होगा। लेकिन इंस्टीट्यूट से जुड़े पदाधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले झुंझुनूं जिला सीकर ब्रांच के अंतर्गत आता था। वहीं विभिन्न कार्यों के लिए सीए और सीए विद्यार्थियों को सीकर, जयपुर या फिर दिल्ली जाना पड़ता था। आपको बता दें कि ब्रांच में ना केवल फॉर्म जमा करवाने, बल्कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी के पेशे को बढ़ावा देने, सदस्यों और छात्रों को सहायता प्रदान करने, और लेखांकन के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस ब्रांच में सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल कोर्स के छात्रों के लिए नियमित कक्षाएं, कार्यशालाएं और सेमिनार होंगे।

मोहर्रम के दौरान करें माकूल व्यवस्था

चूरू, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला मुख्यालय पर 06 जुलाई 2025 को मोहर्रम के त्यौहार पर ताजिये निकाले जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि मोहर्रम के दौरान माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जिले में सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम रहे। चूरू का आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द्र हमेशा से एक मिसाल रहा है। हमारी यह कोशिश रहनी चाहिए कि चूरू की यही पहचान कायम रहे और हम लोग परस्पर मेल-मिलाप और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ सभी धर्मों के त्यौहार मनाते रहें।

फलदार एवं छायादार पौधे लगाएं

झुंझुनूं, । प्रकृति संरक्षण में महत्ती भूमि निभा रहे आवाम ठाुप के द्वारा पोस्ट ऑफिस कॉलोनी झुंझुनूं में पौधे लगाएं। आवाम ठाुप के सदस्य राजेश हरिपुरा ने बताया कि आवाम ठाुप द्वारा दो दिन पहले 1100 पौधों का वितरण किया गया था और अब पोस्ट ऑफिस कॉलोनी में ठाुप के सदस्यों ने कॉलोनी के सदस्यों के साथ मिलकर पौधे लगाए। आवाम ठाुप प्रकृति संरक्षण, शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। शिक्षाश्री एवं वन मित्र से सम्मानित रामचंद्र मीणा ने बताया कि जब तक प्रकृति है तब तक जीव जंतु जीवित है। पौधों से हमें शुद्ध हवा मिलेगी तो हम स्वस्थ रहेंगे। अगर हम ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करेंगे तो धरती का तापमान भी नहीं बढ़ेगा। इसलिए हर मनुष्य में हर वर्ष कम से कम 10 पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान आवाम ठाुप सदस्य गौरव सैनानी ओमप्रकाश भूरिया, महेश दौलतपुरा, महेश जसरापुर, सीताराम बास बुडाना, होमगार्ड अजय वर्मा सहित संदीप, डॉ. जेपी बुगालिया, दीपचंद, डॉ. रविन्द्र, अशोक, नवीन, राकेश, अमिता, ऋतु, ममता, कल्पना, पिंटू ने पौधारोपण किया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

■ क्लब सदस्य बनने की अशोक केडिया ने दी स्वीकृति

झुंझुनूं, । लॉयंस क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 का शपथ ठाहण समारोह बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस हॉस्पिटल में सोमवार रात को मुख्य अतिथि एमजेएफ लॉयन श्रवण केजडीवाल एवं क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा के सानिध्य में उत्साह के साथ संपन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा के पश्चात ध्वज वंदना तथा विश्व शांति के लिए मौन प्रार्थना की गई।

सभी का शब्दों से स्वागत क्लब अध्यक्ष ने किया तथा क्लब सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता ने क्लब की वर्षभर की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। मंच पर कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, रीजन चेयरमैन डॉ. एनएस नरूका, रीजन एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास एवं कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान भी मंचस्थ थे। पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल द्वारा लॉयंस क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 में क्लब अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, पूर्व गवर्नर एमजेएफ लॉयन एसके केजड़ीवाल, संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लॉयन किशनलाल जांगिड़, अध्यक्षीय सलाहकार लॉयन पीएल हलवाई एवं एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, प्रथम उपाध्यक्ष एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, द्वितीय उपाध्यक्ष लॉयन शिव कुमार जांगिड़ एवं तृतीय उपाध्यक्ष एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, चेयरमैन मेंबरशिप ठाोथ कमेटी लॉयन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, सदस्य मेंबरशिप ठाोथ कमेटी लॉयन सुरेश मोदी एवं लॉयन संपतराम पुरोहित, सह सचिव एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष लॉयन उत्तम तुलस्यान, लॉयन टेमर एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, टेल ट्विस्टर लॉयन महिपालसिंह, डायरेक्टर लॉयन डॉ. एनएस नरूका, एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन रतनलाल शर्मा, लॉयन कैलाशचंद सिंघानिया, लॉयन आरसी मोदी, लॉयन विश्वनाथ सोनी, लॉयन एमजेएफ डॉ. मनोज सिंह टीकेएन, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़, लॉयन सीए पवन केडिया, ठोटर कमेटी में एमजेएफ लॉयन एसएस डालमिया, लॉयन विनोद सिंघानिया, लॉयन बाबूलाल सोनी, एमजेएफ लॉयन राजेश गुप्ता, लॉयन सुरेंद्र केडिया, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन एमडी चोपदार, लॉयन प्रहलाद अठावाल एवं क्लब का पीआरओ लॉयन अशोक सोनी को लॉयंस क्लब के बारे उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाते हुए शपथ ठाहण करवाई गई। लॉयंस क्लब झुंझुनूं की सेवा गतिविधियों से प्रेरित होकर सीए पवन केडिया के प्रस्ताव पर अशोक केडिया ने क्लब सदस्य बनने की स्वीकृति प्रदान की। जिस पर मंच से पवन केडिया एवं अशोक केडिया का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। विदित है कि क्लब के पूर्व में कोषाध्यक्ष रहे संत कुमार केडिया के सुपुत्र अशोक केडिया है। कार्यक्रम का कुशल संचालन लॉयन परमेश्वर हलवाई एवं लॉयन शिवकुमार जांगिड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम समापन से पूर्व सभी का धन्यवाद कार्यक्रम संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे पूर्व क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन स्व. डॉ. जेसी जैन के बनाए आदर्शों पर चलते हुए क्लब के सभी सदस्यों को टीम भावना के साथ लेकर लॉयंस क्लब झुंझुनूं को सेवा कार्यों में और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने क्लब द्वारा उनमें व्यक्त किए गए विश्वास के लिए भी सभी का आभार प्रकट किया।

राजस्थान सरकार
कार्यालय तहसीलदार सरदारशहर
रेखा-भू-अ/2025/2794 दिनांक-24.6.2025
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वासुदेव मंडाड पुत्र सोहनलाल निवासी अजीतसर ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि रोहि मौजा अजीतसर में खेत खसरा नं. 403 रकबा 0.63 हैक्टेयर व खसरा नं. 417 रकबा 4.14 हैक्टेयर भूमि जो पतासी पत्नी पेमाराम जाति मेघवाल निवासी अजीतसर के नाम खातेदारी दर्ज है। खातेदार पतासीदेवी पत्नी पेमाराम ने उक्त भूमि दिनांक 26.06.2020 को मुझ प्रार्थी वासुदेव मंडाड पुत्र सोहनलाल के पक्ष में वसीयत लिखकर नोटेरी तस्दीक करवा दी। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 27.06.2022 को हो गया। प्रार्थी उक्त वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरकरण दर्ज और तस्दीक करवाना चाहता है। प्रार्थी का आवेदन इस कार्यालय में लम्बित है। अतः इस बाबत् अगर किसी व्यक्ति को कोई उजर एतराज हो तो 15 दिवस के भीतर असलतन या वकालतन हाजिर होंकर अपना एतराज पेश करें। बाद गुजरने मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा एवं प्रार्थना पत्र निस्तारित कर दिया जावेगा।

सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय साहवा (चूरू)
आवश्यकता
प्राचार्य एक पद
सहायक आचार्य - भूगोल, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य (प्रत्येक दो पद)
राजनीति विज्ञान (एक पद)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, प्राणी शास्त्र (प्रत्येक दो पद)
वनस्पति शास्त्र (एक पद)
योग्यता एवं वेतन एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों सहित 07.07.2025 को महाविद्यालय कार्यालय में प्रातः 09:00 बजे उपस्थित होवे ।
मो. 9828768475, 9887098837

बेदखली सूचना
मनके प्रेम सिंह उम्र 53 वर्ष पुत्र गिरधारी राम जाति मेघवाल, निवासी मिठड़ी पट्टा ददरेवा तहसील राजगढ़ जिला चूरू का हूं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि:-1. यह कि मेरा पुत्र जयप्रकाश जो कि मेरे कहने सुनने में नहीं चलता है तथा आवारा प्रवृति का है जो आवारा व बदमाश प्रवृति के लोगों के साथ रहता है। यह कि मेरे पुत्र जयप्रकाश से अब मैं व मेरा परिवार कोई रिश्ता नहीं रखना चाहते है। यह कि मैने मेरे पुत्र जयप्रकाश को आज दिनांक 01.07.2025 को मेरी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। यह कि भविष्य में मेरी चल व अचल सम्पति में मेरे पुत्र जयप्रकाश का कोई हक व हिस्सा नहीं होगा।यह कि मेरा पुत्र जयप्रकाश किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का कोई लेन देन व संव्यवहार करता है या मुकदमाबाजी करता है या आपराधिक घटना कारीत करता है तो उसमें मेरी व मेरी परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। समस्त प्रकार की जिम्मेवारी स्वयं की होगी।
शपथ ग्रहिता- प्रेम सिंह